# कैरियर शीर्षकः विभिन्न पदों के चयन के लिए वाक इन

**प्रारंभ तारीखः** 26.08.2016 **समप्ति तारीखः** 28.08.2016

**एचएलएल लाइफ़केयर लिमिटेड,** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम, उच्च गुणवत्तावाले स्वास्थ्य रक्षा उत्पादों एवं सेवाओं के एक वैश्विक प्रदाता है।

एचएलएल के रीटेल व्यवसाय प्रभाग **वाराणसी में अमृत फार्मेसी आउटलेट** स्थापित कर रहा है, जिसके लिए कंपनी **नियत अवधि ठेके** के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए ऊर्जस्वी एवं निष्पादनचालित उम्मीदवारों के लिए खोज कर रही है।

इच्छुक उम्मीदवार निम्न पदों के चयन के लिए नीचे दिए जैसे वाक इन करें।

| | |
|---|---|
| **तारीख : 28.08.2016**<br><br>**रिपोर्टिंग समय : पूर्वाह्न 10.00 -मध्याह्न 12.00**<br><br>**चयन परीक्षाः मध्याह्न 12.30 – मध्याह्न 1.30** | **स्थान**<br><br>**होटल इंडिया वाराणसी,**<br>**59, पटेल नगर, कैंटोनमैन्ट,**<br>**वाराणसी - 02 (उत्तर प्रदेश)** |
| **पद, योग्यता एवं अनुभव** | |
| **1. फार्मासिस्ट/सहायक फार्मासिस्ट**<br>**2. फार्मा सहायक**<br>**3. केंद्र प्रभारी** | **1. डी फार्म/बी फार्म**<br>**2. फार्मा रिटेल व्यवसाय में कम से कम एक वर्ष के अनुभव के साथ कोई भी डिग्री।**<br>**3. फार्मा रिटेल व्यवसाय में कम से कम तीन वर्ष के अनुभव के साथ बी फार्म/एम फार्म** |

योग्यता, अनुभव और लिखित परीक्षा के अंक के आधार पर चयन किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट्ड उम्मीदवारों को एक लिखित परीक्षा में भाग लेना अपेक्षित है। लिखित परीक्षा का समय 60 मिनिट है और अधिकतम मार्क 100 है।

चयनित उम्मीदवारों के अनुभव और योग्यता के अनुसार उद्धृत पदनाम भिन्न हो सकते हैं। फार्मासिस्ट/सहायक फार्मासिस्ट के पद के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों **उत्तर प्रदेश** फार्मसी काउंसिल के साथ पंजीकरण होना चाहिए।

आयु : अधिकतम आयु 01.04.2016 को 37 है।

इच्छुक और पात्र उम्मीदवार **पूर्वाह्न** 10.00 **- मध्याह्न 12.00** के बीच चयन केलिए वाक इन करें।

(**केवल मध्याह्न 12 बजे तक पंजीकृत करनेवाले उम्मीदवारों को चयन परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। उम्मीदवार सत्यापन के लिए अपने मूल मार्क शीट एवं प्रमाण-पत्र लाना अपेक्षित है।** )

<u>सामान्य शर्तें</u>

1. भारत सरकार के नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्ग/विगलांग उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

2. किसी भी प्रकार के प्रचार अयोग्य हो जायेगा।

3. उम्मीदवारों से अपना नवीनतम पासपोर्ट साइस फोटो लगाकर इसके साथ संलग्न आवेदन भरने का अनुरोध किया जाता है, जिसको प्रमाणपत्र के सत्यापन के समय पर प्रस्तुत किया जाना है।

4. नियुक्ति **नियत अवधि ठेके** के आधार पर होगी।

5. उम्मीदवारों से उम्र, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और ब्रेक - अप के साथ नवीनतम वेतन प्रमाणपत्र को साबित करने के लिए सत्यापित प्रतियों के साथ मूल प्रमाणपत्र लाना अपेक्षित है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों को संबंधित राजस्व प्राधिकारियों से अपने समुदाय प्रमाणपत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना चाहिए। उपर्युक्त प्रमाणपत्रों के मूल रूप से प्रस्तुत करने में असमर्थ उम्मीदवारों को चयन परीक्षा में उपस्थित होने से अयोग्य किया जायेगा।

6. विवरण में दिये नियुक्ति के प्रस्तावित स्थान, व्यवसाय अपेक्षाओं के आधार पर बदल जायेगा, सुविधा के अनुसार तैनाती का अंतिम स्थान तय करने का अधिकार प्रबंधन पर निक्षिप्त है।

7. केवल संगत शैक्षिक **योग्यता और अनुभव** रखनेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में भाग लेने की अनुमती दी जायेगी।